नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय में गांधी जीवन दर्शन साइकिल यात्रा का स्वागत

वर्धा,9 सितंबर 2019: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य राष्ट्रीय सेवा योजना,काशी हिंदू विश्वविद्यालय से वर्धा पहुंची




गांधी जीवन दर्शन साइकिल यात्रा का महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने सभी यात्रियों

का स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के कस्तूरबा सभागार में विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार,विशेष कर्तव्य अधिकारी सुशील कुमार त्रिपाठी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे ने उनका स्वागत किया। सभी यात्रियों को




विश्वविद्यालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्या भवन,स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय, जनसंचार विभाग स्थित पराड़कर मीडिया लैब,गांधी हिल्स,प्रशासनिक भवन और अन्य विभागों का भ्रमण कराया गया। यह यात्रा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बाला लखेंद्र के नेतृत्व में  23 अगस्त भारत रत्न महामना पं.मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय,वाराणसी में स्थापित मालवीय भवन से प्रारंभ हुई थी। यात्रा में  डॉ. मनीष तिवारी,बलवंत,राजन कुमार,विनायक झा,श्याम बदन कुमार,अभिषेक कुमार,दिव्य प्रकाश पाठक,रोहित कुमार कनौजिआ,राहुल कुमार यादव,अनीश कुमार,नयन




आनंद,नितीश कुमार सुमन,निखिल प्रताप सिंह,हिमांशु यादव,सुभाष सिंह,सुजीत कुमार यादव आदि शामिल हुए।